अध्याय–8 | जल की विविध अिस्थाओं की यात्रा
QUIZ-01

1. **बर्फ और जल क्या हैं?**
   A. अलग-अलग पदार्थ
   B. एक पदार्थ की दो अवस्थाएँ
   C. केवल ठोस पदार्थ
   D. केवल द्रव पदार्थ (B)

व्याख्या : बर्फ और जल एक ही पदार्थ की क्रमशः ठोस और द्रव अवस्थाएँ हैं। बर्फ पिघलकर जल बन जाती है।

2. **जल का जलवाष्प में बदलना क्या कहलाता है?**
   A. हिमीकरण
   B. संघनन
   C. वाष्पीकरण
   D. पिघलना (C)

व्याख्या : जल के द्रव अवस्था से वाष्प अवस्था में परिवर्तन की प्रक्रिया वाष्पीकरण या वाष्पन कहलाती है।

3. **जलवाष्प का जल में बदलना क्या कहलाता है?**
   A. संघनन
   B. पिघलना
   C. हिमीकरण
   D. वाष्पीकरण (A)

व्याख्या : जलवाष्प जब ठंडी होकर द्रव जल की बूँदों में बदलती है, तो इस प्रक्रिया को संघनन कहते हैं।

4. **किसका आकार निश्चित होता है?**
   A. जलवाष्प
   B. बर्फ
   C. जल
   D. वर्षा (B)

व्याख्या : बर्फ ठोस अवस्था में होती है और अपना आकार बनाए रखती है। जल तथा जलवाष्प का निश्चित आकार नहीं होता।

5. **जल सबसे जल्दी कहाँ वाष्पित होगा?**
   A. बंद बोतल में
   B. गहरे गिलास में
   C. बोतल के ढक्कन में
   D. फैली हुई प्लेट में (D)

व्याख्या : प्लेट में जल का खुला सतही क्षेत्र अधिक होता है। अधिक जल वायु के संपर्क में आने से वाष्पीकरण तेज होता है।

6. **बरसात में कपड़े देर से क्यों सूखते हैं?**
   A. तापमान बहुत अधिक होता है
   B. हवा में धूल अधिक होती है
   C. वायु में आर्द्रता अधिक होती है
   D. कपड़ों का क्षेत्रफल कम होता है (C)

व्याख्या : बरसात के दिनों में वायु में जलवाष्प की मात्रा अधिक होती है। अधिक आर्द्रता के कारण वाष्पीकरण धीमा हो जाता है।

7. **मिट्टी के मटके का जल ठंडा क्यों होता है?**
   A. वाष्पीकरण के कारण
   B. हिमीकरण के कारण
   C. संघनन के कारण
   D. पिघलने के कारण (A)

व्याख्या : मटके की सतह से थोड़ा जल बाहर आकर वाष्पित होता है। वाष्पीकरण के दौरान ऊष्मा निकलने से अंदर का जल ठंडा हो जाता है।

8. **बादलों की जलकणिकाएँ प्रायः किसके चारों ओर बनती हैं?**
   A. सूर्य की किरणों
   B. वायु के बुलबुलों
   C. पौधों की पत्तियों
   D. धूल के कणों (D)

व्याख्या : ऊँचाई पर ठंडी हुई जलवाष्प धूल के सूक्ष्म कणों के आसपास संघनित होकर छोटी जलकणिकाएँ बनाती है। इन्हीं से बादल बनते हैं।

9. **जल का बर्फ में बदलना क्या कहलाता है?**
   A. पिघलना
   B. वाष्पीकरण
   C. हिमीकरण
   D. संघनन (C)

व्याख्या : द्रव जल के ठंडा होकर ठोस बर्फ में बदलने की प्रक्रिया हिमीकरण कहलाती है।

10. **पृथ्वी और वायुमंडल के बीच जल के चक्रण को क्या कहते हैं?**
    A. शीतलन प्रभाव
    B. वाष्पन चक्र
    C. जल चक्र
    D. वर्षा चक्र (C)

व्याख्या : जल वाष्पित होकर वायु में जाता है और वर्षा, हिम या ओलों के रूप में पृथ्वी पर लौटता है। जल के इस निरंतर चक्रण को जल चक्र कहते हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download MissionGyan App